बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

सहायक अंकेक्षण अधिकारी (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा (वि.सं. 05/2021) के अन्तर्गत सामान्य अध्ययन (General Studies) विषय की परीक्षा दिनांक 20.08.2022 को आयोजित की गयी थी। उक्त परीक्षा के सामान्य अध्ययन विषय की प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला '**A**', '**B**', '**C**' एवं '**D**' के सभी प्रश्नों के औपबंधिक उत्तर दिनांक 26.08.2022 से आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित हैं।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित (appeared) उम्मीदवारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिन उम्मीदवारों को उक्त विषय के किसी भी प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला के किसी भी प्रश्न के औपबंधिक उत्तर पर किसी भी तरह की आपत्ति हो, तो वे इस सम्बन्ध में प्रामाणिक स्त्रोत/साक्ष्य के साथ अपनी आपत्ति/सुझाव नीचे दिये गये आपत्ति प्रपत्र में विज्ञापन संख्या, नाम, अनुक्रमांक एवं पता के साथ संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001 को स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजेंगे कि वह **दिनांक 05.09.2022 की संध्या 5.00 बजे तक** बिहार लोक सेवा आयोग में प्राप्त हो जाए। **लिफाफा पर परीक्षा का नाम एवं विज्ञापन संख्या अवश्य लिखें।** उक्त तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव पर विचार नहीं किया जायगा।

आयोग द्वारा दिये गये उत्तर पूर्णतः औपबंधिक (Provisional) हैं। आप सभी से नियत समय तक प्राप्त आपत्ति की गहन समीक्षा विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा की जायेगी और गहन समीक्षोपरान्त पुनः उक्त समिति द्वारा सभी प्रश्नों का अन्तिम आदर्श उत्तर तैयार किया जायेगा। विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा तैयार किये गये उस अन्तिम आदर्श उत्तर के आधार पर ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) का मूल्यांकन किया जायेगा।

आपत्ति प्रपत्र

सहायक अंकेक्षण अधिकारी (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा
(वि.सं. 05/2021)

अनुक्रमांक .... नाम .... विषय .... प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला ....

क्र. सं.	प्रश्न संख्या	औपबंधिक उत्तर	उम्मीदवार द्वारा ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर कूटबद्ध किया गया (encoded) उत्तर	उम्मीदवार द्वारा सुझाया गया उत्तर	आपत्ति का आधार/स्त्रोत/साक्ष्य

उम्मीदवार का नाम एवं हस्ताक्षर (तिथि सहित)
उम्मीदवार का दूरभाष/मोबाइल सं.–

26.8.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना